राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

कमांक :प. 7 (4) अकाद/ आकाशि/प्रवेश नीति /2020–21/997 दिनांक : 25.6.2020

समस्त
प्राचार्य, राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान ।

विषय :– **राज्य सरकार द्वारा अकादमी सत्र 2020–21 के लिए निर्धारित प्रवेश नीति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार लेख है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रवेश नीति एवं प्रवेश प्रकिया, केन्द्र एवं राज्य सरकार एडवाईजरी कोविड–19 के मध्यनजर अकादमी सत्र 2020–21 की प्रवेश नीति आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई, जिसे वेबसाईट से डाउनलोड कर महाविद्यालय में प्रवेश कार्यकम सुचारू रूप से संचालित करें।

( प्रदीप कुमार बोरड )
आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

कमांक :प. 7 (4) अकाद/ आकाशि/प्रवेश नीति /2020–21/ दिनांक :

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, जयपुर/अजमेर/कोटा/बीकानेर/जोधपुर /उदयपुर।
2. वेब प्रभारी अधिकारी आयुक्तालय कॉलज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।

(डा0. दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

## ऑन लाइन एडमिशन प्रोसेस (OAP)

i राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को सरल, सहज, सुगम व पारदर्शी बनाने की दृष्टि से सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समस्त राजकीय महाविद्यालयों के स्नातक भाग प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध/उत्तरार्द्ध में ऑन लाइन प्रवेश प्रक्रिया लागू है।

ii ऑन लाइन एडमिशन प्रोसेस विभाग के वेब पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध Admission link के द्वारा ऑन लाइन आवेदन फार्म प्रवेश कार्यक्रमानुसार उपलब्ध कराया जायेगा। प्रवेश प्रक्रिया, फार्म भरने के निर्देश तथा तिथियों आदि की जानकारी प्रवेश नीति के अनुसार वेबपोर्टल पर उपलब्ध होगी।

iii ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया के अर्न्तगत समस्त पाठ्यक्रमों की प्रवेश सूचियां –अन्तरिम/अन्तिम (Provisional/Final) महाविद्यालय के एडमिशन वेबपृष्ठ पर उपलब्ध करवायेगें।

iv महाविद्यालयों में कक्षानुसार उपलब्ध सीटों के लिए प्रथम अन्तरिम प्रवेश सूची वरीयता क्रम में जारी की जायेगी । प्रथम अन्तरिम प्रवेश सूची में से निर्धारित तिथि तक शुल्क नहीं जमा कराने के कारण रिक्त रहे स्थानों की पूर्ति हेतु, अन्य वर्णित शर्तो की पालना करते हुए द्वितीय अन्तरिम प्रवेश सूची जारी की जायेगी। निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा नहीं कराने के कारण रिक्त रहे स्थानों की पूर्ति हेतु तृतीय अन्तरिम प्रवेश सूची तथा महाविद्यालय की आवश्यकतानुसार(100, 200 एवं 300 प्रतिशत) प्रतीक्षा सूची जारी की जावेगी। फिर भी स्थान रिक्त रहने पर प्रवेशित विद्यार्थियों की चतुर्थ सूची के साथ प्रतीक्षा सूची निकाली जा सकेगी।

v प्रत्येक प्रवेश सूची मय प्रतीक्षा सूची जारी होने के पश्चात् समस्त अभ्यर्थियों को मूल अंक तालिकायें, स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की जाँच महाविद्यालय में करानी होगी। सत्यापन के बाद ही ई–मित्र काउन्टर पर/नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड द्वारा शुल्क जमा कराना होगा । ( केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड–19 एडवाईजरी की पालना करते हुए)

vi प्रतीक्षा सूची में स्थान प्राप्त सभी अभ्यर्थियों को भी दस्तावेजों का सत्यापन करवाकर अंतरिम प्रवेश शुल्क ई–मित्र पर निर्धारित तिथि तक जमा करवाना होगा । प्रतीक्षा सूची में से शुल्क जमा करवा चुके ऐसे अभ्यर्थी जिनका प्रवेश नहीं हो पाता है उनके द्वारा जमा करवाया गया शुल्क महाविद्यालय द्वारा पुनः लौटा दिया जायेगा ।

vii सत्र 2020–21 के लिए विद्यार्थियों के डाटा बेस ऑन लाईन उपलब्ध करवाने के उद्वेश्य से स्नातक पार्ट द्वितीय, स्नातक पार्ट तृतीय व स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के लिए कॉलेज एडमिन में अपग्रेडेशन मॉडयूल महाविद्यालय को उपलब्ध करवाया जायेगा। इन कक्षाओं के विद्यार्थियों को भी फीस जमा करवाने के लिए ई–मित्र पर सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी।

# शैक्षणिक सत्र सारिणी 2020–21

| क्र.सं. | महाविद्यालय | कार्य का विवरण | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1. | समस्त राजकीय महाविद्यालय | स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय तथा स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्ध) के लिए प्रवेश नवीनीकरण | 15.06.2020 से 30.06.2020 |
| 2. | सत्र 2019–20 में खोले गये 38 नवीन राजकीय महाविद्यालय | सत्र 2019–20 में प्रवेशित स्नातक पार्ट प्रथम के विद्यार्थियों का डाटा ऑनलाईन प्रवेश मॉड्यूल में अद्यतन करना तथा सत्र 2020–21 में स्नातक पार्ट प्रथम में प्रवेश के लिए मास्टर एन्ट्रीज पूर्ण करना। | 05.06.2020 से 20.06.2020 तक |
| 3. | समस्त राजकीय महाविद्यालय | स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय तथा स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्ध) में अध्यापन कार्य आरम्भ। | 01.07.2020 (यह तिथि राज्य सरकार के आदेश के अनुसार लागू होगी। ) |

## प्रवेश कार्यक्रम

### (अ) स्नातक पार्ट प्रथम

| क्र.स. | विवरण | तिथि / अवधि |
|---|---|---|
| 1 | ऑन लाइन आवेदन–पत्र भरना प्रारम्भ होने की तिथि | केन्द्र एवं राज्य सरकार की एडवाईजरी कोविड–19 के मध्यनजर आयुक्तालय स्तर से तिथि बाद में जारी की जावेगी। |
| 2 | आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि, प्रारम्भ होने की तिथि से | 15 दिवस |
| 3 | समस्त प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि | |
| 4 | प्रथम अन्तरिम प्रवेश सूची व आवश्यकतानुसार प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन।<br>सूची के अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन व शुल्क जमा करवाना।<br>प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन<br>आवश्यकतानुसार द्वितीय अन्तरिम प्रवेश सूची / प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, आगे की प्रक्रियायें– | ऑनलाईन प्रक्रिया की आवश्यकता को दृष्टि में रखते हुए आयुक्तालय से तिथियां जारी की जा सकेगी। |
| 5 | संकाय / विषय परिवर्तन की अंतिम तिथि– | अन्तिम प्रवेश सूची से 15 दिवस में |
| 6 | महाविद्यालय में शिक्षण कार्य प्रारम्भ | पार्ट द्वितीय, तृतीय एवं उत्तरार्द्ध के क्रमोन्नत किये गये छात्रों की ऑनलाईन कक्षाएं 01-07-2020 |

स्थान रिक्त रहने की स्थिति में प्रवेश नीति के बिन्दु 5.9 के अनुसार प्रक्रिया अपनाई जावेगी।

### (ब) स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध)

| क्र.स. | विवरण | तिथि / अवधि |
|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि | राजस्थान के प्रमुख विश्वविद्यालयों के परीक्षा परीणाम घोषित होने पर आयुक्तालय स्तर पर निर्धारित तिथि से |
| 2 | आवेदन पत्र प्राप्ति की तिथि, प्रारम्भ होने की तिथि से | सम्बद्धक विश्वविद्यालय की अर्हकारी (संबंधित संकाय) परीक्षा का परिणाम घोषित होने के 10 दिन बाद तक (जो भी बाद में हो) |
| 3 | प्रथम अन्तरिम प्रवेश सूची व आवश्यकतानुसार प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन।<br>सूची के अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन व शुल्क जमा करवाना। प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन<br>आवश्यकतानुसार द्वितीय अन्तरिम प्रवेश सूची / प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, आगे की प्रक्रियायें– | ऑनलाईन प्रक्रिया की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये आयुक्तालय स्तर पर तिथियाँ जारी की जा सकेगी। |
| 4 | शिक्षण कार्य प्रारम्भ | प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची के प्रकाशन के अगले दिन से। |